घटना | शव लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे परिजन, शिक्षक पर लगाया मारपीट का आरोप

# इलाज के दौरान छात्र की मौत

**नवभारत,दमोह. जिले के तेंदूखेड़ा में संचालित एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे की भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई. शनिवार अल सुबह परिजन बच्चे का शव लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे. उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल की शिक्षिका के द्वारा की गई मारपीट से ही उनके बच्चे की मौत हुई है.इसलिए वह चाहते हैं की शिक्षिका पर सख्त कार्रवाई की जाए.पिछले दो महीने से बच्चा कोमा में था भोपाल में उसका इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है.शव को जिला अस्पताल लाया गया.**



जीवित अवस्था का चित्र

सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई भी पहुंचे और एसपी के निर्देश पर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. इसके अलावा मामले की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है. मृत 7 वर्षीय बच्चे काव्य नामदेव के मामा हेमंत नामदेव ने बताया कि उनका बच्चा तेंदूखेड़ा में संचालित आईइएस पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी में पढ़ता था.19 फरवरी को शिक्षिका देवींद्री ठाकुर ने होमवर्क न करने पर भांजे को हाथ पैर और सिर में स्केल मार दी थी. जिसके बाद उसे बुखार आने लगा और उसने खाना पीना बंद कर दिया. वह बच्चे को लेकर तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र गए वहां से बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे चिरायु अस्पताल ले गए. जहां एमआरआई रिपोर्ट में बच्चों के सिर में मारपीट की पुष्टि हुई. उसे सूजन बताई गई थी. उसके बाद वहां से जबलपुर के अपोलो अस्पताल ले गए. जहां 10 दिन उसका इलाज हुआ लेकिन वहां कोई सुधार नहीं हुआ. इसके बाद वह भोपाल एम्स अस्पताल लेकर गए.जहां 2 महीने तक भांजे का इलाज चलता रहा और शुक्रवार शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसके बाद हम लोग भोपाल से शव लेकर दमोह एसपी ऑफिस पहुंचे.वहां से हमें जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. मामा ने आरोप लगाते हुए बताया कि हम लोगों ने तेंदूखेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह रिपोर्ट हमारे अनुसार नहीं की गई.उसमें आरोपी के नाम काट दिए गए.हम लोगों ने कलेक्टर, एसपी और जिला शिक्षा अधिकारी को भी आवेदन दिया था, लेकिन इस पर कोई भी जांच नहीं की गई. अब जब बच्चे की मौत हो चुकी है उन्होंने बताया कि भोपाल एम्स से जो रिपोर्ट मिली थी उसमें बच्चे के सिर में इंफेक्शन बताया गया था और यह इन्फेक्शन धीरे-धीरे पूरे शरीर में बढ़ता चला गया.परिजनों ने भी हमें यह आश्वासन दिया था की वह कोई कार्रवाई नहीं चाहते.बच्चे की मौत का उन्हें भी काफी दुख है और वह भी चाहते हैं कि पुलिस इस मामले में निष्पक्षिता से जांच करें. स्कूल संचालक ने बताया कि 2017 से उनका यह स्कूल कक्षा आठवीं तक संचालित होता है.वही जिस बच्चे की मौत हुई है उनके पिता दामोदर नामदेव खमरिया के शासकीय हाई स्कूल में शिक्षक हैं.

### संचालक का पक्ष

विक्रम सिंह (आईईएस पब्लिक स्कूल तेंदूखेड़ा के संचालक) ने अपना पक्ष देते हुए बताया है कि आरोपी शिक्षिका को तत्काल ही स्कूल से अलग कर दिया है और छात्र के परिजन के साथ उनका लगातार संपर्क रहा है,हमने आर्थिक सहयोग भी किया है.पुलिस और प्रशासन की जांच में वो पूरा सहयोग कर रहे है.हालांकि उन्होंने गंभीर मारपीट के आरोपों को सिरे से नकारते हुए,छात्र को मिर्गी की गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की बात भी की है.

### शिक्षिका पर ठोस कार्रवाई की जाए.

जिला अस्पताल पहुंचे कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बच्चे का शव लेकर परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे हैं.उन्हें अस्पताल भेजा गया गया शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा रहा है.वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पैनल के माध्यम से बच्चे का पीएम कराया जाएगा.इसके अलावा एक एसआईटी गठित की गई है जो पूरे मामले की जांच करेगी.

### स्कूल संचालक बोले हमने पूरी मदद की

वही स्कूल संचालक विक्रम सिंह ने बताया कि घटना 19 फरवरी की है जैसे ही परिजनों ने इस बात की शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने तत्काल शिक्षिका को नौकरी से हटा दिया था. परिजनों ने इस बात की शिकायत भी थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद जब बच्चे की हालत बिगड़ी तो उन्होंने पूरा इलाज में सहयोग किया. भोपाल में 2 महीने बच्चे का इलाज चलता रहा. वहां भी उन्होंने परिजनों कि आर्थिक रूप से मदद की.

# शनि जयंती पर शनि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

### दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठान


**नवभारत,दमोह.** शनि जयंती के अवसर पर दमोह के एसपीएम नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में शनि जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ धार्मिक वातावरण में मनाया गया.अमावस्या व वट सावित्री व्रत होने के साथ-साथ 25 वर्षो पश्चात शनिवार को शनि जयंती होने पर को जिले के एकमात्र प्रसिद्ध श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में विशेष संयोग के साथ आई इस जयंती पर पूजन पाठ को लेकर भी भक्तजनों में खासा उत्साह देखने को मिला. सुबह से ही भक्तजन इस अवसर पर शनि देव को तेल से लेकर उड़द आदि चढ़ाकर पूजा कर रहे थे, साथ ही शनि मंदिर में दिनभर विविध आयोजनों का दौर चलता रहा.इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप



नारायण यादव,जन सम्पर्क अधिकारी वाय.ए.कुरैशी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए.शुक्रवार 15 मई की सुबह से अखंड रामायण पाठ का आयोजन प्रारंभ किया गया था,जो कि शनिवार की दोपहर तक लगातार चलता रहा.वहीं शाम 4 बजे से सिंगपुर की प्रसिद्ध रामधुन की मंडली द्वारा संगीतमय बातावरण में आयोजन किया गया.जिसमें हजारों की तादाद में भक्त गढ़ झूमते हुए नज़र आये.इस दौरान लगातार ही भक्तों का ताता लगा रहा. अमावस्या के दिन शनि जयंती के मौके पर शनिवार को भक्तों ने जहां शनिदेव से सुख शांति समृद्धि की कामना की और अभिषेक हवन पूजन कर धर्म लाभ लिया.शाम 5 बजे से प्रारंभ हुए हवन में जहां हजारों की तादाद रही.

इस अवसर पर पं. बालकृष्ण शास्त्री,प जागेश्वर तिवारी पं विनोद पांडे पं केशव रावत व प आचार्य आशुतोष गौतम शास्त्री ने बताया कि शनि जयंती का व्रत रखने से शनिदेव प्रसन्न रहते हैं. संध्याकाल में शनि देव की उपासना और आराधना की जाती है तथा मंदिर पहुंचकर शनि से संबंधित वस्तुओं का दान किया जाता है.इससे निश्चित ही कहें से निजात मिलती है.

### श्री शिव हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाई गई शनि जयंती, सुंदरकांड व हवन हुआ



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शिव हनुमान मंदिर, जेल लाइन दमोह में शनि जयंती का पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया.संध्याकाल में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए.इसके पश्चात श्री शनिदेव महाराज का षोडशोपचार पूजन व अभिषेक किया गया.मंदिर पुजारी आचार्य संजय गौतम ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया. मुख्य यजमान मनीष शर्मा व मंदिर अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज के साथ समस्त भक्तों ने श्री शनिदेव महाराज का पूजन-अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की.



### भाजपा युवा नेता आलोक चौबे ने किया रक्तदान युवाओं को दिया संदेश

**नवभारत,दमोह.**शहर के पठानी मोहल्ला की एक जरूरतमंद महिला के लिए भाजपा युवा नेता आलोक चौबे ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की.रक्तदान के बाद आलोक चौबे ने सभी युवाओं से अपील की कि रक्तदान महादान है.आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है.इसलिए समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करें.

### सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह.**पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में शनिवार पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के समस्त सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया सीएसपी एचआर पांडे मौजूद रहे।बैठक में सीसीटीएनएस से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी व व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिएगए.अधिकारियों ने अपराधों के पंजीयन,रिकॉर्ड संधारण,ऑनलाइन डाटा एंट्री, लंबित प्रकरणों के अद्यतन और तकनीकी कार्यों में गुणवत्ता बनाए




रखने पर विशेष जोर दिया.ऑपरेटर्स को निर्देश दिए गए कि सीसीटीएनएस सिस्टम में समयबद्ध व शत- प्रतिशत सटीक जानकारी दर्ज की जाए,जिससे पुलिस कार्यों में पारदर्शिता और गति लाई जा सके.लंबित एंट्री को शीघ्र पूरा करने तथा डाटा की शुद्धता पर ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए.




### कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवभारत,दमोह.**जिले में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर जनपद पंचायत की अध्यक्ष प्रीति-राजू सिंह ठाकुर,भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, अपर कलेक्टर मीना मसराम,विधायक दमोह के प्रतिनिधि कमल सिंघाई,मयंक श्रीवास्तव,पुरन पटैल व उपसंचालक कृषि जी.एल. अहिरवार, परियोजना संचालक आत्मा एवं सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के.जैन,जिला सलाहकार गिरवर पटेल की उपस्थिति रही।

## नीट परीक्षा लीक करवाने वालों पर की जाये कठोर कार्यवाही : मानक पटेल




**नवभारत,दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नीट परीक्षा पेपर लीक होने पर व करीब 22 लाख बच्चो के भविष्य के खिलवाड़ करने को लेकर जो बच्चे परीक्षा से नहीं हटे उन्हें केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार के भ्रष्ट तंत्र ने मार दिया उसको लेकर कांग्रेसजनों ने एकत्रित हो कर हाथो में मशाले लेकर पैदल मार्च करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचे वहां उपस्थित आम जनता से कहा कि 2015 से 2016 तक 148 परीक्षा घोटाले हुए 87 परीक्षाये रद्द 9 करोड़ बच्चो का भविष्य हुआ प्रभावित बार-बार पेपर लीक होने से छात्रो का मनोवल टूटने लगा है,कुछ युवाओ ने तो आत्महत्या तक करली है। दिनों दिन मंहगाई की मार किंतु अन्ध भक्त मतदाता करता है सब कुछ सहेगें किंतु इन्ही को चुनेगें।पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि युवाओ के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है

## हज़रत बाबा तैय्यब अली शाह शहीद रहमतुल्लाह अलैह का उर्स महोत्सव

- नरसिंहगढ़ में धूमधाम से मनाया गया उर्स
- 50 हजार से अधिक जायरीन पहुंचे

**नवभारत,दमोह.**नरसिंहगढ़ में हज़रत बाबा सैय्यद तैयब अली शाह शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 245वां उर्स बड़े ही शानो-शौकत के साथ मनाया जा रहा है.उर्स की शुरुआत में बाबा तैयब अली के गुलामों द्वारा चादर शहरगश्त के बाद बाबा की दरगाह पर पेश की गई. इसके पश्चात उर्स का आगाज किया गया. इस मौके पर जिले भर से लगभग 30,000 से अधिक संख्या में जायरीन उर्स में पहुंचे.मंच पर कव्वालियों का कार्यक्रम देर रात और सुबह तक चलता रहा.कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने



मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए.इससे पहले अतिथियों में कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटैल, पूर्व विधायक अजय टंडन, मनु मिश्रा जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, अजय पटेल, महेंद्र दुबे, राजेंद्र बिदौलिया नरसिंहगढ़ सरपंच, अनवर उस्ताद का फूल-मालाओं से इस्तकबाल किया गया.इस अवसर पर सीएसपी एचआर पांडे, तहसीलदार वृदेश पांडे, सीएमएचओ डॉ. राकेश कुमार अठया, देहात थाना प्रभारी अमित गौतम, टीआई फेमिदा खान, नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, केरवना चौकी प्रभारी शिवनारायण यादव सहित पुलिस बल मौजूद रहा. साथ ही स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर जुगराज पटेल सहित टीम मौजूद. उर्स अध्यक्ष दाऊद सौदागर, सराहनीय आसिफ़ अंजुम, गुड्डू मिस्त्री, पप्पू मिस्त्री,नादिर खान सहित सभी कमेटी व क्षेत्रीय के लोगों रहें.

इस्तकबाल के बाद कव्वाल जुनेद सुल्तानी के द्वारा भव्य कव्वालियों का प्रोग्राम दिया गया. जिसमें जायरीनों मस्त होकर नाचने लगे कव्वालियों के दौरान लोगों के द्वारा बाबा साहब की दरगाह पर पहुंच कर चादर खुशबू तवररुक पेश किए गए.कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन आसिफ अंजुम के द्वारा किया गया.उर्स में सभी वर्ग के लोग पहुंचे व उर्स प्रोग्राम का बड़े ही शांति के साथ संपन्न किया गया. वहीं तमाम जाइरीनो के लिए पिछले 8 साल से लगातार निशुल्क ठंडे पानी की व्यवस्था नफीस खान, माजिद इरफान आबिद खान की टीम के द्वारा की गई.रात भर कव्वालियों के प्रोग्राम के बाद सुबह बाबा की दरगाह पर फातिहा पढ़ी गई और लंगर तकशीम किया गया.

## दमोह में गाय चोरी का मामला शिकायत के बाद लौटी गाय

**नवभारत,दमोह.** शहर के जटाशंकर कॉलोनी क्षेत्र में गाय चोरी का मामला सामने आया है.पीड़ित अभिषेक साहू ने थाना कोतवाली में शिकायत देते हुए बताया कि उनकी गाय 13 मई 2026 को अचानक गायब हो गई थी.काफी तलाश के बाद भी गाय का कोई पता नहीं चल सका.पीड़ित के अनुसार 15 मई की रात सूचना मिली कि उनकी गाय को जटाशंकर निवासी मीनू ठाकुर, पिता मलखान ठाकुर व उसके मीनू पिता द्वारा घर के अंदर के कमरा में बांधकर रखा गया है.सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां उनकी गाय मौजूद मिली.अभिषेक साहू का आरोप है कि जैसे ही आरोपियों को



पुलिस शिकायत की जानकारी लगी, उन्होंने गाय को छोड़ दिया, जिसके बाद गाय वापस उनके घर पहुंच गई.पीड़ित ने आरोप लगाया है कि संबंधित लोग क्षेत्र में इस प्रकार की हरकतें पहले भी करते रहे हैं और लोगों की गायों को पकड़कर अपने घर में बांध लेते हैं.मामले को लेकर थाना कोतवाली में आवेदन देकर जांच व कार्रवाई की मांग की गई है.

### एक नजर में




### शनि अमावस्या का बताया गया धार्मिक महत्व गृहस्थ संत दद्दा की पुण्यतिथि पर हुए धार्मिक कार्यक्रम

**कुम्हारी नवभारत 16 मई।** ग्राम चीलघाट में परम् पूज्य गृहस्थ संत दद्दा की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने मिला। सुबह श्रद्धालुओं द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण, विधिवत अभिषेक एवं पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और भक्तों ने सहभागिता निभाई। पूरा गांव हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। इसके पश्चात श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक आदित्य प्रभाकर ने भक्तों को धर्म, भक्ति और सदाचार का महत्व बताते हुए भगवान की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। शिव उपासना होती है विशेष फलदायी इस दौरान डॉ. अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को शनि अमावस्या के धार्मिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन भगवान शनि देव की पूजा-अर्चना, दान-पुण्य और शिव उपासना विशेष फलदायी होती है।



### एसपी आनंद कलादगी ने परेड की ली सलामी बेहतर टर्नआउट वालों को किया पुरस्कृत

**नवभारत,दमोह.** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने रक्षित केंद्र में साप्ताहिक जनरल परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया.परेड के दौरान बेहतर टर्नआउट और यूनिफॉर्म वाले अधिकारी-कर्मचारियों को एसपी ने इनाम देकर पुरस्कृत किया.शुक्रवार की जनरल परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, डीएसपी और थाना प्रभारियों सहित जिले के 150 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.परेड पश्चात पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया.एसपी ने पुलिस लाइन में ही कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए.

## मरीज को बीच रास्ते में छोड़कर भागा निजी एंबुलेंस चालक

### करंट लगने से घायल हुआ था युवक, दमोह के हटा का मामला

**नवभारत,दमोह.**जिले के हटा में करंट लगने से घायल हुए युवक को एक निजी एंबुलेंस का चालक शनिवार सुबह बीच रास्ते में छोड़कर भाग गया. इसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में अपने रिश्तेदार की गाड़ी बुलवाई और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसका इलाज शुरू किया गया. मरीज को बीच रास्ते में छोड़ने की वजह केवल इतनी थी की परिजनों के पास उस समय पैसे नहीं थे.उन्होंने दमोह पहुंचकर पैसे देने की बात



कही थी, लेकिन आधे रास्ते में आकर एंबुलेंस चालक ने अपनी अमानवीयता का परिचय दे दिया.जानकारी के अनुसार ग्राम पांजी निवासी अक्षु पटेल पिता स्व. मुकेश पटेल को शनिवार सुबह खेत में करंट लगने से वह घायल हो गया था.परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल हटा लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार हुआ.

## 4000 बोरी गेहूं बारिश में भीगा, समिति होगी ब्लैक लिस्ट

### आकस्मिक दबिश में खरीदी केंद्रों में मिली भारी अनियमितता

**नवभारत कुम्हारी 16 मई।** पटेरा तहसील के विभिन्न खरीदी केंद्रों पर प्रशासन की आकस्मिक दबिश में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ। एसडीएम राकेश मरकाम, तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल एवं सहायक खाद्य अधिकारी राकेश कनऊआ की संयुक्त टीम ने खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान कुम्हारी खरीदी केंद्र पर अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। करीब 4000 बोरी गेहूं खुले में बारिश के बीच पड़ा मिला।जिस पर प्रशासन ने समिति प्रबंधक के खिलाफ तत्काल ब्लैक



लिस्ट की कार्रवाई शुरू कर दी।

### भारी लापरवाही मिली

जांच टीम को मौके पर गेहूं के संरक्षण और रखरखाव में भारी लापरवाही देखने को मिली। बारिश में भीग रही हजारों बोरियों को सुरक्षित रखने के लिए कोई इंतजाम नहीं था। अधिकारियों ने इसे किसानों की मेहनत और सरकारी व्यवस्था दोनों के साथ खिलवाड़ बताया।

### मानकहीन मसूर की जब्त

सोजना खरीदी केंद्र पर भी निरीक्षण के दौरान नॉन-एफएक्यू (मानकहीन) मसूर जब्त की गई। यहां भी खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ियां सामने आई। प्रशासन ने खरीदी केंद्र प्रभारी एवं समिति प्रबंधक अभिषेक पाठक के खिलाफ वसूली की कार्रवाई प्रस्तावित की है।


### खरीदी केंद्रों में मचा हड़कंप

इसके अलावा कुम्हारी खरीदी केंद्र प्रभारी आनंद कुमार जैन पर भी अनियमितताओं के चलते वसूली की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों ने साफ संकेत दिए हैं कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से खरीदी केंद्रों में हड़कंप मच गया है।लंबे समय से चल रही अनियमितताओं पर अब सख्त कार्रवाई की तलवार लटकती नजर आ रही है।

भ्रष्टाचार | सीईओ ने साधी चुप्पी, नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा कार्य

# सुरक्षा वॉल के नाम पर शासकीय राशि का दुरुपयोग

**नवभारत, पथरिया 16 मई।** जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायतो में भ्रष्टाचार का दौर जारी है और पथरिया सीईओ भ्रष्टाचार के मामलों में चर्चा में है। ज्यादातर ग्राम पंचायतों में जनपद पंचायत पथरिया सीईओ केके पाण्डे की अच्छी हिस्सेदारी चल रही है। इतना ही नहीं सीईओ भी मौन होने के कारण चर्चा में है। संपूर्ण निर्माण कार्य में शासन के नियमों को ताक पर रखकर धांधली और शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत सासा में ग्राम पंचायत के पीछे करतार सिंह के खेत के पास शनिवार के दिन



उपयंत्री की अनुपस्थिति में सुरक्षा वॉल का निर्माण कार्य चलता रहा। सुरक्षा वॉल की लागत करीब साढ़े चौदह लाख रुपए बताई जा रही



है। निर्माण कार्य स्थल के आसपास योजना से सम्बन्धित कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

### जाली वाले तार कसाव भी करना था

वॉल करीब 80 से 90 मीटर लम्बी, समतल भूमि से करीब तीन फिट गहरी खुदाई बेस में 20-25 एमएम की गिट्टी, करीब नौ इंच ऊंची गिट्टी और उसके ऊपर काले पत्थर का चूरा मजबूत पत्थर की डस्ट बिछाने के उपरांत लोहे का जाला बिछाकर अच्छी गुणवत्ता का सीमेंट, पत्थर व महानदी की रेत से करीब तीन मीटर ऊंची दीवार का निर्माण व जाली वाले तार कसाव करना था।

### जेसीबी से कराया गया कार्य

दूसरी ओर मजदूरों के पेट पर लात मारकर सरपंच, सचिव, उपयंत्री और सीईओ की मिलीभगत से जेसीबी से ही करीब डेढ़ से दो फिट खुदाई करवाई गई और काली डस्ट सीमेंट, गिट्टी का उपयोग किया गया। इसमें करीब दो-ढाई लाख रुपये की लागत से पूरी वॉल का निर्माण होने का अनुमान जताया जा रहा है। उक्त कार्य में शनिवार को केवल आठ-नौ मजदूर लगाए गए और रविवार को कार्य पूर्ण होने की संभावना है।



### दुकान से चोरी हुए 47 हजार एक घंटे में बरामद,नाबालिग गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह.**बांदकपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान से चोरी हुए नगदी को चोर सहित एक घंटे के अंदर बरामद कर लिया.प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 14 मई 26 को प्रार्थी प्रतीक डबुल्या निवासी बांदकपुर ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बर्तन की दुकान की पेटी से कोई अज्ञात चोर करीब 48,000 रुपये चुराकर ले गया है.सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया तथा एसडीओपी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन रहा.